मैंने मैया की चौकी कराई

मैंने मैया की चौकी कराई,
सब मुझे दे रहे है बधाई.....

करके आई है माँ शेर सवारी देखो,
झोपड़ी हो गई पवित्र हमारी देखो,
लाल चूड़ा चमक रहा है माँ के हाथो में,
चाँद सी बिंदिया लगी माथे पे प्यारी देखो,
सबसे पहले उतारी मैंने नजर मैया की,
दूजे फिर पाओ ये तकदीर सवारी देखो,
मुझको देखा तो माँ मुस्कुराई.....

माँ के दरबार का पावन है नजारा देखो,
हर तरफ गूंजता है माँ का जयकारा देखो,
सबकी झोली है भरी मेरी भोली मैया ने,
बारी बारी है सबका नाम पुकारा देखो,
देख कर एक झलक दिल ये कहां भरता है,
नैन कहते है चलो माँ को दोबारा देखो,
देगी ममता जगदम्बे महामाई......

विधि से ज्योत जगाई तो कृपा बरसी है,
मन से अरदास कराई तो कृपा बरसी है,
अपने हाथो से बनाये है हार फूलो के,
मूर्ति माँ की सजाई तो कृपा बरसी है,
हमने हर सांस में सुमिरन किया है मैया का,
भेट मैया को सुनाई तो कृपा बरसी है ,
मेरी माँ ने है लीला रचाई.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29079/title/maine-mayia-ki-chownki-karayi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |